हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 6 सितंबर 2025

06 शर्मनाक तस्वीर आई सामने, कमर तक पानी...



07 बाढ़ में फंसी गर्भवती महिला समेत बीमार लोगों को ...





## खबर संक्षेप

### बीएमसी में एमबीबीएस की सीटें बढ़ीं, अब 150 विद्यार्थी कर सकेंगे प्रवेश

**सागर।** बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज, सागर में एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए सीटों की संख्या बढ़ा दी गई है। वर्ष 2009 में जब कॉलेज को पहली बार एमबीबीएस पाठ्यक्रम संचालित करने की अनुमति मिली थी, तब कुल 100 सीटों पर प्रवेश होता था। इसके बाद वर्ष 2019 में ईडब्ल्यूएस कोटे के तहत 25 अतिरिक्त सीटें जोड़ी गईं और कुल संख्या 125 हो गई थी। कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. पी.एस. ठाकुर ने जानकारी दी कि इस वर्ष एनएमसी (नेशनल मेडिकल कमीशन) में 150 सीटों पर एडमिशन की अनुमति के लिए आवेदन किया गया था। एनएमसी ने 25 और सीटों की अनुमति प्रदान कर दी है। अब शैक्षणिक सत्र 2025-26 से बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर में कुल 150 एमबीबीएस सीटों पर प्रवेश संभव होगा।

### कलेक्टर ने देर रात जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा की

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर द्वारा जिले में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से जननी सुरक्षा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में उन्होंने गुरुवार की देर रात योजना की समीक्षा बैठक आयोजित कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि गर्भवती माताओं को प्रसव के दिन ही जननी सुरक्षा योजना की राशि उपलब्ध कराई जाए, इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जाएँ। उन्होंने निर्देश दिए कि योजना से संबंधित पोर्टल पर आ रही तकनीकी समस्याओं का तत्काल सुधार किया जाए। इस संबंध में वरिष्ठ कार्यालय भोपाल को पत्र भी प्रेषित किया गया है, ताकि हितग्राहियों तक योजना का लाभ समय पर और प्रभावी रूप से पहुँच सके।

### किसान, गोबर और गो-मूत्र से खाद बनाएं

**सागर।** किसान भाई सदियों से गोबर से खाद बनाता आया है। कृषि विभाग के अधिकारी प्राकृतिक संसाधनों से जैविक खाद का अपयोग करने की सलाह लगातार दे रहे है अब किसान जान गए है और अब कई किसानों ने गौ-मूत्र और गोबर, पत्तों से खाद बना कर खेतों में उपयोग किया जा सकता है। हम सभी को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में अपनी भूमिका निभानी होगी। प्राकृतिक खेती हम सभी के लिये लाभदायक है।मध्यप्रदेश के किसान प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। कई किसानों ने अपने खेत में प्राकृतिक खेती प्रारंभ की है। वे गोबर, गौ-मूत्र, मिट्टी, पत्ते, वनस्पति से जीवामृत बना रहे हैं। प्राकृतिक संसाधनों से खाद बनाने में लागत भी कम आती है और फसल में पैदावार भी अच्छी होती है। प्रदेश में प्राकृतिक उत्पाद की मांग बढ़ी है।

### आयुष्मान कार्ड से निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा

**सागर।** राज्य शासन द्वारा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना संचालित की जा रहीं है। जन आरोग्य योजना का लाभ लेकर अनेक लोग अब निजी अस्पतालों में अपना मुफ्त इलाज करा रहे है। पैसों के अभाव में निजी अस्पतालों में अपना इलाज नही करा पाने वाले हितग्राहियों के लिए आयुष्मान कार्ड वरदान साबित हुआ है। आयुष्मान कार्ड से लोगो को निजी अस्पतालों में भी अपना 5 लाख तक का मुफ्त इलाज कराने की सुविधा मिल रही है। आयुष्मान कार्ड भविष्य में किसी भी प्रकार की बीमारी या दुर्घटना होने पर मददगार होता हे। आयुष्मान कार्ड से वे निजी अस्पताल में भी अपना 5 लाख तक का मुफ्त इलाज करा सकते है। राज्य शासन ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना चलाकर अनेक जरूरतमंद लोगो की बीमारी या दुर्घटना होने पर मददगार सबित हुई है।


## चौकी ग्राम में यादव समाजजनों ने स्वागत कर जताया मंत्री राजपूत का आभार

# 50 लाख रु से बनेगा यादव समाज का मंगल भवन, मंत्री राजपूत ने स्वीकृत की अतिरिक्त 25 लाख रुपए की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

खाद नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने राहतगढ़ के समीप चौकी ग्राम में यादव समाज भवन के निर्माण कार्य पूर्ण होने पर यादव समाज द्वारा आयोजित आभार सभा एवं स्वागत समारोह में सम्मिलित हुए। मंत्री राजपूत ने मंगल भवन का जायजा लिया। इस अवसर पर मंत्री राजपूत ने यादव समाज के भवन में सुविधाओं के विस्तार के लिए 25 लाख रुपए की अतिरिक्त राशि स्वीकृत की। उल्लेखनीय है कि यादव समाज के मंगल भवन का निर्माण मंत्री राजपूत द्वारा पूर्व में स्वीकृत 25 लाख रुपए की राशि से पूर्ण हो चुका है, और अब अतिरिक्त राशि के साथ कुल 50 लाख रुपए की लागत से यह भवन और अधिक सुविधा जनक व व्यवस्थित बनाया जाएगा।

मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने भवन का निरीक्षण करने के बाद कहा कि यादव समाज भवन का निर्माण कार्य संतोषजनक ढंग से पूर्ण हुआ है, लेकिन इसे और अधिक सुविधा जनक बनाने की आवश्यकता है। मंत्री राजपूत ने इसके लिए अतिरिक्त 25 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की। उन्होंने बताया कि इस राशि से भवन में एक अतिरिक्त कक्ष, भवन की सुरक्षा के लिए चारों ओर बाउंड्री वॉल, समाजजनों के बैठने के लिए टीन शेड, बोरवेल और पानी की टंकी जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।



उन्होंने आगे कहा कि यह भवन केवल एक इमारत नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और मांगलिक कार्यक्रमों का केंद्र बनेगा। 50 लाख रुपए की लागत से तैयार होने वाला यह भवन मांगलिक कार्यक्रमों, सामाजिक बैठकों और अन्य आयोजनों के लिए एक आदर्श स्थल होगा। मंत्री राजपूत ने कहा कि सभी प्रस्तावित कार्य पूर्ण होने के बाद भवन का लोकार्पण कार्यक्रम भव्य समारोह के रूप में आयोजित किया जाएगा, जिसमें समाज के सभी लोग सम्मिलित होंगे।

इस अवसर पर यादव समाज के प्रतिनिधियों ने मंत्री राजपूत का स्वागत किया साथ ही समाज के प्रति उनके समर्पण और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रामकुमार यादव ने कहा कि मंत्री राजपूत के सहयोग एवं योगदान से न केवल भवन का निर्माण संभव हुआ, बल्कि समाज की एकता और विकास को भी नई दिशा मिली है। साथ ही समाज के गणमान्य नागरिकों और स्थानीय लोगों ने मंत्री राजपूत के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की और उनके जनसेवा के कार्यों की सराहना की।

इस अवसर पर चौकी सरपंच राजेश तिवारी, प्रियंक तिवारी, सुरेंद्र रघुवंशी, राम कुमार यादव, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष अजब सिंह यादव, अनिरुद्ध यादव, हृदय यादव, जगदीश यादव, देवेंद्र यादव, देशराज यादव, बल्लू यादव, पप्पू यादव, भारत सिंह यादव, श्रीराम यादव, मलखान सिंह यादव, योगेश यादव, नीरज यादव, विनोद ओसवाल, विनोद कपूर, रामनाथ कुर्मी, अमित राय, दीपक जैन डैनी, सतीश, श्रीराम देवालिया, नेकीराम खटीक, नईम मंसूरी, अतीक कुरैशी, सलीम रंगरेज़, अख्तर उसमानी, नहीम भाई, रफीक भाई चुड़ी वालें, शहरेयार उसमानी, अजीम, तारिक उसमानी, फिरोज बाबा, रणधीर सिंह, मयंक जैन, अर्पित जैन, उमाशंकर कबीरपंथी, विकास जैन, अभी विश्वकर्मा, पंकज जैन, मुलायम चौधरी, अंकित जैन, याकू मंसूरी, ऋषभ ओसवाल, देवेंद्र यादव, अनुराग पाठक, प्रवीण गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में यादव समाज के बन्धु, क्षेत्रवासियों की



## जय भारत गणेश मंडल की आरती में उमड़ा जनसैलाब पूर्व मंत्री भार्गव और नपा अध्यक्ष ने उतारी आरती

**रहली।** रहली के राजा के नाम से विख्यात जय भारत गणेश मंडल द्वारा आयोजित भगवान गणपति की भव्य आरती में पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव और नगर पालिका अध्यक्ष देवराज सोनी ने हिस्सा लिया। उन्होंने नगर और क्षेत्र की सुख, समृद्धि और शांति के लिए भगवान गणपति से प्रार्थना की। इस अवसर पर हजारों की संख्या में भक्तगण एकत्रित हुए और उन्होंने अपनी श्रद्धा का अद्भुत प्रदर्शन किया। पूरे पंडाल को हजारों दीपों से सजाया गया था, जिनकी रोशनी में गणपति बप्पा की प्रतिमा और भी दिव्य लग रही थी। भक्तों ने इन दीपों से आरती की, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। आरती के बाद, भगवान गणेश को 56 भोग का प्रसाद अर्पित किया गया। पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने अपने संबोधन में कहा कि गणेश उत्सव हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है, जो हमें एकता और सद्भाव का संदेश देता है। उन्होंने मंडल के प्रयासों की सराहना की और इस भव्य आयोजन के लिए सभी भक्तों को बधाई दी। नगर पालिका अध्यक्ष ने भी सभी को गणेश उत्सव की शुभकामनाएं दीं। यह आयोजन रहली के लोगों की गहरी आस्था और गणेश उत्सव के प्रति उनके उत्साह को दर्शाता है। इस अवसर पर मुख्य यजमान श्री कृष्ण मिश्रा, नरहरी तिवारी, पुजारी सत्यनारायण तिवारी,शशिकांत शर्मा, सलामत खान राहुल नामदेव, गोविंद ठाकुर, अनिल पटेल, एम एल सोनी, धर्मेंद्र यादव सहित समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।



## मानवता की मिसाल : नपा अध्यक्ष देवराज ने किया नदी में डूबते बच्चे को बचाने वाले युवाओं का सम्मान

**रहली।** परहित सरिस धर्म नहीं भाई, तुलसीदास जी के इस दोहे को सार्थक करने बने वाले पंडलपुर के दो युवा जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना सुनार नदी में डूब रहे बच्चे को बचाया। उनके इस सद्कर्म की पूरे नगर में प्रशंसा हो रही है। आज नपा अध्यक्ष देवराज सोनी ने पार्षद साथियों सहित पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया और पुरस्कार स्वरूप 5–5 हजार रुपए और साल श्री फल प्रदान किए। विदित हो कि पंडलपुर मार्ग पर स्थित देहार नदी के पुल पर दो बच्चे नदी किनारे खेलते हुए बहती लकड़ी को पकड़ने की कोशिश कर रहे थे। अचानक एक बच्चा फिसलकर तेज धार में बहने लगा। मौके पर मौजूद लोग घबरा गए, लेकिन स्थिति को समझने और कुछ करने में देर हो रही थी। तभी विकास और हेमंत यादव ने बिना एक पल गंवाए नदी में छलांग लगा दी। तेज बहाव और गहराई की परवाह किए बिना, दोनों युवाओं ने अद्भुत साहस दिखाया और बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाल लाए। साथ ही एसडीएम कुलदीप परासर, एसडीओपी प्रकाश मिश्रा, तहसीलदार राजेश पांडे, और थाना प्रभारी अनिल तिवारी द्वारा थाना परिसर में दोनों युवाओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्थानीय लोगों और ग्रामीणों ने भी दोनों युवाओं की जमकर सराहना की।

# भगवान श्री गणेश ने अहंकार से मुक्ति का संदेश दिया : अविराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मालथौन



भाजपा नेता अविराज सिंह इमलिया किशोर मालथौन में भगवान श्री गणेश जी की आरती में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भगवान श्री गणेश के पांच प्रमुख नाम हैं: रिद्धि, बिनाय, तुक्तर, थुन, गजानन, लंबोदर। भगवान श्री गणेश ने हमें यह संदेश दिया है कि हमें कभी अहंकार नहीं करना चाहिए। कुबेर जी के अहंकार को भगवान गणेश ने दूर किया। जब कुबेर जी ने अपने महल में शिव जी को आमंत्रित किया, तब शिव जी ने अपने पुत्र श्री गणेश जी को भेजा। गणेश जी ने कुबेर जी के महल में भोजन किया और जब महल का सारा अनाज खत्म हो गया तो कुबेर जी को समझ आया कि जो कुछ भी है वह ईश्वर की कृपा से है।उन्होंने कहा कि जब महर्षि वेदव्यास जी को महाभारत लिखनी थी, तब ब्रह्मा जी ने कहा कि केवल गणेश जी ही इस कार्य को संभव कर सकते हैं। गणेश जी ने तीन वर्ष तक निरंतर महाभारत को लिखा। इसी कारण उन्हें 'एक दंत' के नाम से जाना जाता है। इसलिए हमें उनसे विवेक सीखना चाहिए हमें उनसे धैर्य सीखना चाहिए और हमें उनसे सीखना चाहिए कि हम जीवन में जितना हो सके उतना ज्ञान प्राप्त करें। हमारा शरीर पांच तत्वों से मिलकर बना है। पाँच तत्वों के अधिदेव हैं: आकाश तत्व के अधिदेव भगवान शिव, जल तत्व के अधिदेव भगवान विष्णु, वायु तत्व की देवी माँ भगवती, अग्नि तत्व के अधिदेव भगवान सूर्य, और पृथ्वी तत्व के अधिदेव भगवान श्री गणेश। यह इस बात का प्रतीक है कि हमारे अंदर ईश्वर का वास है, हमारी आत्मा में ईश्वर का वास है, इसलिए हमें निरंतर सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए हमारी आत्मा ही ईश्वर से जुड़ने का माध्यम है।



## गणेशोत्सव सनराइज रेसीडेंसी में गणेश पंडाल से शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का किया सम्मान

**सागर।** न्यू आरटीओ रोड, तिली स्थित सनराइज रेसीडेंसी का सार्वजनिक गणेशोत्सव इस वर्ष भी श्रद्धा, भक्ति, हर्ष उल्लास और दैनिक सांस्कृतिक आयोजनों के साथ संपन्न हो रहा है । सुबह-शाम आरती, पूजन, सामूहिक हवन, के साथ कॉलोनी वासी बच्चे और महिलाएं, धार्मिक विषयों पर संगोष्ठी, अंत्याक्षरी, फैंसी ड्रेस जैसे विभिन्न सांस्कृतिक आयोजनों में उत्साह पूर्वक अपनी प्रतिभाएं प्रदर्शित कर रहे हैं । आज आयोजन पंडाल से कॉलोनी वासी सेवानिवृत्त और सेवारत शिक्षकों का सम्मान किया गया । समाज निर्माण, व्यक्ति निर्माण में शिक्षकों की भूमिका पर आयोजन समिति सदस्यों ने अपने विचार रखे। भंडारा के साथ गणपति प्रतिमा विसर्जन कल आयोजित है। इन सभी आयोजनों को क्षेत्रवासियों की सराहा जा रहा है ।

## ईद मिलादुन्नबी पर निकला जुलूस, शहर मुस्लिम कमेटी ने निकाली बाइक रैली

**गढ़ाकोटा ।** जश्नें ईद मिलादुन्नबी पर सागर जिले के गढ़ाकोटा में शुक्रवार के दिन शहर मुस्लिम कमेटी द्वारा जुलूस निकाला गया । जो कि पुराने बस स्टेंड से शुरू होते हुए बिंदी तिगड्डा, थाने, गुन्जोरा तिगड्डा, रुई बाजार, फटका तिगड्डा होते हुए बस स्टेंड पहुंची। जहां जुलूस का समापन किया गया। शहर मुस्लिम कमेटी के अध्यक्ष नासिर खान ने बताया कि जश्नें ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर शहर मुस्लिम कमेटी द्वारा नगर में एक दिन पूर्व बाइक रैली का आयोजन किया गया था। आज जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर्व पर शहर मुस्लिम कमेटी के द्वारा जुलूस निकाला गया जो कि बस स्टेंड से प्रारंभ होते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई है जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल रहे। वही शाम को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जो देर रात तक चला।



## शासकीय अस्पतालों में टीबी रोग का उपचार निःशुल्क

**सागर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि टीबी संक्रमण बीमारी है। खांसी, बुखार आना, भूख न लगना आदि टीबी के लक्षण हो सकते है। टीबी कोई भयानक बीमारी नहीं है, टीबी का ईलाज संभव है। व्यक्ति को 6 माह डॉट पद्धति का ईलाज लेना अनिवार्य है। प्रत्येक क्षय रोगी को ईलाज लेने पर 500 रूपये पोषण के लिये प्रदान किये जाते है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि टीबी से बचने के लिये सभी स्वास्थ्य सेवायें जिला अस्पताल,सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र संस्थाओं पर संपर्क कर टीबी की जांच व उपचार से बीमारी पर रोक लगे।



## कांग्रेस ने किया ईद मिलादुन्नबी के जुलूस का स्वागत, दिया प्रेम व भाईचारे का संदेश

**सागर।** मुस्लिम समाज द्वारा ईद मिलादुन्नबी का पर्व आज शहर में धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर की सभी मस्जिदों से एक विशाल जुलूस निकाला गया जो नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ तीन बत्ती गौर मूर्ति पर एक भव्य जलसे में परिवर्तित हो गया। जुलूस का शहर के विभिन्न स्थानों पर नागरिकों द्वारा स्वागत किया गया, जिससे सामाजिक एकता और भाईचारे की भावना देखने को मिली। तीनबत्ती पर जिला शहर कांग्रेस और कांग्रेस सेवादल परिवार द्वारा जुलूस का स्वागत किया गया। जुलूस में सम्मिलित मौलनों को पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया गया। जुलूस में शामिल लोगों पर पुष्प वर्षा की गयी। स्वागतकर्ताओं में जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव, शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, युवक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल चौबे, पकंज सिघई, पीयूष अवस्थी, सोनू यादव, लकी अली, लल्ला यादव, प्रवीण यादव, अंकुर यादव, परख शुक्ला, अन्नू घोषी, लकी पंडा, तरूण सैनी, टिंगू जैन, असरत अली, आसिफ खान, आकाश नामदेव, मनोज दुबे, आदिल राइन, ताहिर खान, आदि जन उपस्थित रहे।

## आर्ट ऑफ लिविंग के सागर चेप्टर द्वारा छह दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन

**सागर।** आर्ट ऑफ लिविंग के सागर चेप्टर द्वारा शहर के मैजेस्टिक प्लाजा में छह दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम चल रहा है। इस शिविर में प्रतिभागियों को योग, ध्यान, प्राणायाम और जीवन को संतुलित करने के सूत्र सिखाए जा रहे हैं। वरिष्ठ शिक्षक कपिल मलैया ने बताया कि यह प्रोग्राम लोगों को तनावमुक्त जीवन की ओर प्रेरित करेगा। आत्मबल, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच को बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि यह केवल योग शिविर नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सीखने का अवसर है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव, चिंता और अवसाद आम हो गए हैं। लोग भौतिक सुख-सुविधाओं के पीछे भाग रहे हैं, लेकिन मानसिक शांति और आत्मसंतुष्टि से दूर होते जा रहे हैं। ऐसे में यह प्रोग्राम आत्मचिंतन और आंतरिक शांति पाने का माध्यम बन सकता है। उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों को यह सिखाया जा रहा है कि कैसे वे अपनी दिनचर्या में छोटे बदलाव लाकर जीवन को खुशहाल और तनावमुक्त बना सकते हैं। खासकर युवाओं के लिए यह शिविर बेहद उपयोगी हो सकता है। आज के समय में उन्हें मानसिक मजबूती और सकारात्मक दृष्टिकोण की जरूरत है। प्रशिक्षक राजकुमारी यादव ने बताया कि शिविर का मुख्य आकर्षण सुदर्शन क्रिया है। यह विशेष श्वसन तकनीक श्री श्री रविशंकर ने विकसित की है। यह शरीर व मन को गहराई से शुद्ध करती है।

## 5 सितंबर को गढ़ाकोटा नगर में मनाया जाता है शहीद दिवस

# प्राणों की आहूति देने वाले अमर शहीदों की मूर्तियों पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गढ़ाकोटा

सागर जिले के गढ़ाकोटा नगर में नगर पालिका के द्वारा एक शाम शहीदों के नाम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव थे। कार्यक्रम में 5 सितंबर को 1984 में हुए गोली कांड से चार लोगों की पुलिस की गोली लगने से मौत हुई थी इसलिए नगर के लोग 5 सितंबर को शहीद दिवस मनाते हैं। ज्ञात ही कि 5 सितम्बर 1984 की गढ़ाकोटा में कालेज,अस्पताल व तहसील खोलने की मांग पुरजोर तरीके से उठी और पूरा विधानसभा क्षेत्र का युवा इस आंदोलन में बढ़ चढ़कर इस लड़ाई में कूद पढ़ा। महीनों तक चले इस आंदोलन ने अपना उग्र रूप ले लिया। गढ़ाकोटा में हो रहे इस आंदोलन को पूरी तरह पुलिस ने कुचलने की कोशिश की लेकिन आंदोलन ने उग्र रूप धारण कर लिया और 5 सितम्बर को पूरा गढ़ाकोटा नगर पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। पुलिस ने आंदोलन कर रहे चेतराम कोरी,रफीक भाईजान को गोली मार दी जिससे मौके पर ही उनकी मोत हो गई। उसी दौरान जिले के प्रभारी मंत्री बंशीलाल धृतलहरे सागर आये हुए थे,दो युवा छात्र अपनी मांगों का ज्ञापन देने गए हुए थे कि आते वक्त गुल्लाई यादव, अशोक चौबे की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी तो यह आन्दोलन और भी उग्र हो गया। इस दौरान गढ़ाकोटा में कर्फ्यू लग गया और लोगो को देखते ही गोली मारने के आदेश दे दिये गए। पुलिस ने इस दौरान महिलाओं पर भी भारी अत्याचार किये किये। यहा तक कि वर्तमान विधायक व पूर्व मंत्री पं गोपाल भार्गव को भी पुलिस ने गोली मारी और वह गाय के गोबर डले होने से फिसलकर नीचे गिर गए और की गोली गणेश भगवान को लगी। इस तरह भार्गव को जीवन दान मिल गया। पुलिस ने सेंकड़ो लोगों पर प्रकरण दर्ज किये ओर कई लोगो को जेल में डाल दिया गया। इसी दौरान देश की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या होने के कारण पूरे देश मे इंदिरा लहर चल रही थी। कांग्रेस की देश मे सरकार थी। लेकिन ऐसे समय मे इस क्षेत्र की जनता ने अपने नेता गोपाल भार्गव को विधानसभा में विधायक बना कर भेजा। कुछ समय बाद सभी के प्रकरणों को भार्गव ने शासन द्वारा वापिस कराए। इस अवसर पर सागर से आई सिमफिनी आर्केस्ट्रा ने देश भक्ति से ओत-प्रोत गीतों कि प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में हेमंत यादव,बिकास यादव,रहली में सुनार नदी में एक बच्चे कि जान बचाई जो नदी में डूब रहा था जिसे नगर पालिका गढाकोटा द्वारा भार्गव जी कि ओर 5100 रूपये कि प्रोत्साहन राशि दी गई।



कार्यक्रम में पं अभिषेक दीपू भार्गव, पं श्रीराम भार्गव, नगरपालिका अध्यक्ष संगीता मनोज तिवारी, तहसीलदार महेश दुबे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी धनंजय गुमास्ता, एसडीओपी प्राकश मिश्रा, डॉ राजेन्द्र चौबे, सब इंजीनियर पीडब्ल्यूडी से अनिल श्रीवास्तव, पार्षदगण किशोरी लाल कोरी, अजय नेमा, शेख सगीर खान, दिनेश लहरिया, संतोष पटेल, मुकेश यादव, रिटायर्ड शिक्षक,पीएल पटेल, हरीश चौरसिया ने शहीदों के परिजनों का शॉल-श्रीफल से सम्मान किया। थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे सहित थाना स्टाफ व नगर पालिका परिषद के अधिकारी कर्मचारी व बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## पुलिस लाइन स्थित शिव मंदिर पर गिरी बिजली, शिखर हुआ क्षतिग्रस्त

# भोलेनाथ का त्रिशूल पी गया आसमानी बिजली, श्रद्धालु रहे सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

विगत रात्रि बारिश के दौरान पुलिस लाइन स्थित मंदिर में तब एक चमत्कार देखने को मिला ज़ब बारिश के दौरान मंदिर पर तेज कड़कड़ाहट के साथ आसमानी बिजली तो गिरी लेकिन यह बिजली मंदिर के अंदर नहीं पहुंच पाई। इस बिजली से सिर्फ मंदिर का गुंबद ही मामूली क्षतिग्रस्त हुआ। जबकि इस दौरान मंदिर में कुछ श्रद्धालु जन भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने के लिये मौजूद थे। अगर आसमानी बिजली मंदिर का गुम्बद तोड़ते हुए मंदिर के अंदर पहुंच जाती तो जनहानि हो सकती थी। जबकि मंदिर के ऊपर तड़ति चालक जैसी कोई भी सुरक्षा व्यवस्था नहीं है। लेकिन भगवान भोलेनाथ की कृपा मंदिर और मौजूद श्रद्धालुओं पर बनी रही। श्रद्धालुओं ने बताया कि मंदिर में मौजूद भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा प्राचीन और सिद्ध है। जो पहले एक मड़यि के रूप में स्थित थी लेकिन फिर वर्ष 2020 में जीर्णोद्धार कर मंदिर का निर्माण किया गया।





### मंदिर के शीर्ष पर लगा नीलकंठ का त्रिशूल पी गया आसमानी

पुलिस लाइन निवासी पुष्पेंद्र यादव, अनुराग चंदेल सहित अन्य लोगों ने बताया कि मंदिर के शीर्ष पर भगवान भोलेनाथ का त्रिशूल लगा हुआ है। बिगत रात्रि ज़ब बच्चो व महिलाओ समेत कुछ श्रद्धालू जन भोलेनाथ के दर्शन कर रहे थे तभी तेज आबाज के साथ मंदिर पर बिजली गिरी। जिससे मंदिर के शीर्ष पर स्थित त्रिशूल के आसपास सीमेंट व प्लास्टर उखाड़ गया। साथ ही मंदिर में लगा बिजली का तार झुलस गया लेकिन आसमानी बिजली मंदिर के अंदर नहीं आ सकी। लोगो ने बताया कि विषपान कर संपूर्ण जगत को बचाने बाले नीलकंठधारी के त्रिशूल ने आसमानी बिजली पीकर श्रद्धालुओं और मंदिर की सुरक्षा की है।

### मानसून ने पुनः दी जोरदार दस्तक

विगत दिबस बिजली चमकने और बादलो की गड़गड़ाहट के साथ मानसून ने एक बार पुनः जोरदार दस्तक दी है। जिसके चलते जिले में पिछले 24 घंटों में 2.1 इंच औसत बारिश दर्ज की गई। इस दौरान पलेरा तहसील में सबसे ज्यादा 188 मिमी अर्थात 3.5 इंच बारिश दर्ज की गई। जबकि मोहनगढ़, जतारा, खरगापुर और बल्देवगढ़ में 2-2 इंच बारिश को दर्ज किया गया। टीकमगढ़ और बड़ागांव तहसील में 1 इंच वर्षा दर्ज हुई। बिगत रात्रि बिजली की तेज आबाज के साथ लगातार जोरदार बारिश हुई।

### पिछले वर्ष की तुलना में हो चुकी 17 इंच से अधिक बारिश

जिले में अब तक कुल 52 इंच बारिश हो चुकी है, जो पिछले साल की तुलना में 17.2 इंच ज्यादा है। लगातार हो रही बारिश से खेतों में नमी बनी हुई है और खरीफ फसलों को बड़ा लाभ मिल रहा है। भू-अभिलेख कार्यालय के अनुसार इस सीजन में अब तक जिले में औसत से ज्यादा वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक तहसील पलेरा में 77.4 मिलीमीटर, टीकमगढ़ में 61 मिलीमीटर, मोहनगढ़ में 58.2, खरगापुर में 52.56, बल्देवगढ़ में 50, जतारा में 47.5, लिधौरा में 42.5 और बड़ागांव में 34 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की जा चुकी है।

## गणेशपुरा में तालाब पार कर पहुंच सके परिजन मुक्तिधाम

# शर्मनाक तस्वीर आई सामने, कमर तक पानी में नाव के सहारे निकली शव यात्रा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले के बल्देवगढ़ जनपद क्षेत्र से तब एक शर्मनाक तस्वीर सामने आई ज़ब गणेशपुरा गांव में अपने मासूम बच्चे के शव को मुक्तिधाम तक लें जाने के लिये परिजनों को रास्ता भी नसीब नहीं हुआ। परिजनों को कमर तक पानी में नाव के सहारे शवयात्रा निकालनी पड़ी। गांव में 5 वर्षीय मासूम अरविंद रैकवार की उल्टी-दस्त से गुरुवार रात मृत्यु हो गई। शुक्रवार सुबह परिजनों ने अंतिम संस्कार की तैयारी की, लेकिन मुक्तिधाम तक पहुंचने के रास्ते में कमर तक पानी भरा था। जो किसी चुनौती से कम नहीं था।

गांव का मुक्तिधाम तालाब के बीच टापू पर स्थित है। पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण तालाब लबालब भर गया था। चारों ओर पानी का सैलाब था। ऐसे में ग्रामीणों को शव को मुक्तिधाम तक ले जाने के लिए नाव का सहारा लेना पड़ा। ग्रामीण कमर तक पानी में उतरकर, शव को कंधे पर लेकर तालाब पार करते रहे। कई जगह पानी इतना गहरा था कि संतुलन बनाए रखना भी मुश्किल हो रहा था। इसके बावजूद ग्रामीणों ने हिम्मत नहीं हारी और किसी तरह अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी की। शर्मसार करने बाली बात तो यह है कि जिले में यह कोई पहली बार नहीं हुआ है। जब ग्रामीणों को अंतिम संस्कार को लेकर इस तरह की परेशानी का सामना करना पड़ा हो। मातौल गांव में भी कुछ समय पहले शव यात्रा के दौरान परिजनों को पन्नी बिछाकर अंतिम संस्कार करना पड़ा था। क्योंकि प्रशासनिक लापरवाही के चलते जिले के कई गांवों में या तो मुक्तिधाम बने ही नहीं हैं या फिर बने हैं तो उनकी स्थिति बेहद खराब है। बरसात के दिनों में मुक्तिधाम तक पहुंचना ग्रामीणों के लिए मुश्किल हो जाता है। हालांकि ग्रामीणों की इन परेशानियों को देखते हुए कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने चार दिन पहले ही अधिकारियों की बैठक बुलाकर करीब 100 ग्राम पंचायतों में नए मुक्तिधाम बनाने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर श्रोत्रिय ने बताया कि ये मुक्तिधाम सांसद निधि और मनरेगा की राशि से बनाए जाएंगे। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि जल्द ही इस समस्या का स्थायी समाधान होगा, ताकि उन्हें अंतिम संस्कार के समय ऐसी कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। गांव के बुजुर्गों का कहना है कि हर बरसात में यही हाल हो जाता है। किसी की मौत पर भी लोगों को पानी में उतरकर शव यात्रा निकालनी पड़ती है। ग्रामीणों ने मांग करते हुए कहा कि मुक्तिधाम तक जाने का रास्ता पक्का होना चाहिए, ताकि बारिश में भी यह समस्या न आए।

## लापरवाही के चलते क्षतिग्रस्त राजशाही पुल लोगों के लिए बना मुसीबत

# दीवार गिरने से सड़क पर फैला मलवा बना परेशानी का सबब, दो हफ्ते से ठप्प है निर्माणकार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

पुराना शहर कहलाने वाली पुरानी टेहरी को नए शहर से जोड़ने के लिए राजशाही दौर में बनाया गया बड़ा पुल क्षतिग्रस्त होने के बाद प्रशासनिक लापरवाही व लेटलतीफी के चलते आम लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। पिछले महीने हुई तेज बारिश में पुल की दीवार ध्वस्त हो गई थी। जिसका मलबा सड़क पर गिरने से रास्ता बंद हो गया था। तब सुरक्षा कारणों से प्रशासन ने पुल पर आवागमन रोक दिया था। लेकिन इसके बाद से न तो तो मलबा हटाया गया और न ही पुल की मरम्मत की गई, जिससे लोगों की परेशानियां बढ़ गईं है।

लोक निर्माण विभाग ने कई साल पहले इस पुल को डेड घोषित कर दिया था। इसके बावजूद



प्रशासनिक उदासीनता के कारण यहां से आवागमन जारी रहा। बार-बार शिकायतें होने के बावजूद पुल के रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया गया, जिसका नतीजा यह है कि आज लोगों को लंबा चक्कर लगाकर आना-जाना पड़ रहा है। ध्वस्त दीवार की मरम्मत और जैकेटिंग का काम शुरू किया गया था, लेकिन ठेकेदार ने दो हफ्ते से काम रोक दिया है। सड़क पर फैली निर्माण सामग्री राहगीरों के लिए मुसीबत बन गई है। स्थानीय निवासियों सत्येंद्र द्विवेदी, पुष्पेंद्र द्विवेदी, संतोष यादव, ललित रैकवार, विकास नापित और महेश कुशवाहा ने बताया कि अधूरा निर्माण कभी भी हादसे का कारण बन सकता है।

पुल बंद होने से पुरानी टिहरी और सागर मार्ग के निवासियों को बाजार जाने के लिए पानी की टंकी के रास्ते से करीब 2 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। संबंधित विभाग के अधिकारियो ने बताया कि पुल की रिटेनिंग वॉल और जैकेटिंग कार्य के लिए स्वीकृति मांगी गई है। प्रस्ताव भेजा जा चुका है और जल्द ही निर्माण कार्य फिर से शुरू कर दिया जाएगा। शहरवासियो ने प्रशासन से मांग की है कि काम में तेजी लाई जाए ताकि शीघ्र ही आवागमन सामान्य हो सके और किसी बड़े हादसे की संभावना न रहे।

# छात्र के आत्मविश्वास व सच्चाई से मुग्ध होकर कलेक्टर ने ली सेल्फी


हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शिक्षक दिवस के दिन कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने सोशल मीडिया पर एक प्रेरक पोस्ट शेयर कर शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए शिक्षकों को भविष्यकार की उपाधि दी। कलेक्टर श्रोत्रिय ने अपना एक किस्सा भी लोगों से शेयर किया। जिसमें एक छात्र की मासूमियत, आत्मविश्वास और सच्चाई से मुग्ध दिखाई दिए। साथ ही उन्होंने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए उन्हें भविष्यकार के रूप में छात्रों का विकास करने के लिये उत्साहित किया।

कलेक्टर श्रोत्रिय ने अपना किस्सा शेयर करते हुए अपनी पोस्ट में लिखा कि जून माह में शाम को कलेक्ट्रेट ऑफिस में जनसुनवाई के दौरान एक बालक अपने पिता के साथ मेरे पास आया। बच्चे के पिता ने बताया कि इस बच्चे का चयन एक्सिलेंस विद्यालय में हो चुका है लेकिन पूर्व का स्कूल बच्चे की टीसी नहीं दे रहा है। जिससे बच्चे का एडमिशन नहीं हो पा रहा है। तब कलेक्टर श्रोत्रिय ने उन्हें ध्यान से सुना। और फिर लड़के से उसका नाम पूछा। तब बच्चे ने अपना नाम अंशुल अहिरवार बताया। फिर कलेक्टर श्रोत्रिय ने पूंछा कि किस कक्षा में पढ़ते हो। तो अंशुल ने मासूमियत भरा जवाब देते हुए बताया कि उसने आठवी की परीक्षा उत्तीर्ण की है।

### भविष्यकार की उपाधि देकर शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को किया प्रेरित

### शिक्षक बनना सिर्फ एक नौकरी नहीं बल्कि छात्र का भविष्यकार बनना होता है : कलेक्टर



कलेक्टर श्रोत्रिय ने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए आगे लिखा कि अन्य शासकीय सेवकों की तरह टीचर की ज़िम्मेवारी मात्र एक नौकरी करने तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्रों के भीतर डॉक्टर, इंजीनियर, व्यवसायी, डिज़ाइनर, साइंटिस्ट, कलाकार और खिलाड़ी की प्राण प्रतिष्ठा करने की होती है। शिक्षक की पाठशाला से एक दिन की अनुपस्थिति का एक दिन जो बच्चों के जीवन से छूट जाता है वो फिर दोबारा कभी नहीं आता। इसके बाद कलेक्टर श्रोत्रिय ने लिखा कि शिक्षक दिवस पर मुझे यहाँ तक पहुँचाने वाले मेरे श्रद्धेय शिक्षकों को नमन और कहीं कहीं विषम परिस्थितियों में शिक्षादान दे रहे शिक्षकों सहित जिले के सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस शुभकामनाएँ देता हूँ। साथ ही कामना करता हूँ कि अंशुल तथा उनके सहपाठियों की पीढ़ी बहुत ही सफल शिक्षक बने।

ज़ब कलेक्टर श्रोत्रिय ने बच्चे से पसंदीदा विषय के संबंध में पूंछा तो उसने कहा कि उसे अंग्रेज़ी का बिषय पसंद है। तब कलेक्टर ने अंग्रेजी में कुछ सुनाने के लिये कहा तो बच्चे ने बेझिझक आत्मविश्वास के साथ सबको अपना नाम, पिता का नाम संपूर्ण बाक्य के रूप में सुनाया। बच्चे के आत्मविश्वास और उसकी आँखो में दिखी सच्चाई से कलेक्टर श्रोत्रिय प्रभावित हो रहे थे। कि तभी उन्होने बच्चे से पूछा कि बड़े होकर क्या बनोगे। तब अंशुल ने जवाब देते हुए बताया कि वह टीचर बनेगा। बच्चे का जवाब सुन प्रभावित होते हुए कलेक्टर श्रोत्रिय ने लिखा कि जीवन में कुछ बनने संबंधी यह प्रश्न सैकड़ों बार बच्चों से पूछा है जिसमें बच्चो ने इंजीनियर, डॉक्टर, व्यवसायी, डिजाइनर साइंटिस्ट, कलाकार या खिलाड़ी बनने जैसे सामान्य जवाब दिए। लेकिन अंशुल से शिक्षक बनने की बात सुनकर आश्चर्य मिश्रित प्रसन्नता के साथ मैंने उसे बुलाया और उसके साथ सेल्फी ली। इसके बाद कलेक्टर श्रोत्रिय ने तुरंत संबंधित तहसीलदार को अंशुल का काम करने के लिये निर्देशित किया और उसके बाद अंशुल का काम भी हो गया।

## त्योहारों पर शांति व सौहार्द के लिए पुलिस का फ्लैग मार्च

# नवीन एफआरवी वाहनों संग सड़कों पर उतरी पुलिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

आगामी त्योहारों को शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में बुधवार को शहर में भव्य फ्लैग मार्च निकाला गया। इस फ्लैग मार्च में हाल ही में पुलिस को मिले नवीन एफआरवी डायल-112 वाहन भी शामिल रहे, जिससे शहर की सुरक्षा व्यवस्था और सशक्त नजर आई।

फ्लैग मार्च का शुभारंभ पुलिस लाइन परिसर से हुआ। यह मार्च शहर के संवेदनशील इलाकों, भीड़भाड़ वाले बाजारों, प्रमुख मार्गों और मुख्य चौराहों से होकर गुजरा और पुनः पुलिस लाइन में संपन्न हुआ। अनुशासित अंदाज़ में चलते पुलिस बल और गाड़ियों की मौजूदगी ने नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा और आत्मविश्वास दोनों स्थापित किया। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि सभी नागरिक त्योहारों को शांति और सौहार्द के वातावरण में मनाएँ और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत डायल 112 पर कॉल कर पुलिस की सहायता प्राप्त करें। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने कहा कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करना, नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास और आश्वस्ति की भावना उत्पन्न करना, तथा अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों में कानून का भय स्थापित करना है।

## जुलूस निकालकर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद मिलादुन्नबी का त्योहार

# पैगम्बर साहब ने दिया इंसानियत का पैगामः सदर रज्जाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

पूरी कायनात के लिए रहमत माने जाने वाले पैग़म्बर साहब के जन्मदिन के उपलक्ष्य में शहर में ईद मिलादुन्नबी बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। यह दिन मुस्लिम समाज के लिये बहुत ही खास महत्व रखता है है। क्योंकि इस्लामिक मान्यता के अनुसार पैग़म्बर-ए-इस्लाम हज़रत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की पैदाइश 12 रबी-उल-अव्वल को मक्का में हुई थी। इसी वजह से मुसलमान हर साल इस दिन को मोहब्बत और अकीदत के साथ याद करते हैं। पैग़म्बर मोहम्मद साहब को रहमतुल्लिल आलमीन यानी पूरी कायनात के लिए रहमत कहा गया है। उनकी शिक्षाएं, इंसानियत, अमन और भाईचारे का पैग़ाम देती हैं। उक्त बात शहर के सदर अब्दुल रज्जाक ने कहते हुए बताया कि ईद मिलादुन्नबी हम लोगो के लिये बेहद खास दिन होता है।

### ईद मिलादुन्नबी नबी क्यों है खास

शहर सदर अब्दुल रज्जाक ने बताया कि यह पर्व मुसलमानों के लिए केवल उत्सव ही नहीं, बल्कि प्रेम और शांति का दिन भी है। हर साल 12 रबी-उल-अव्वल को मुस्लिम समुदाय बड़ी अकीदत के साथ यह दिन मनाता है। इस मौके पर मस्जिदों में कुरआन की तिलावत होती है, नात-ए-पैग़म्बर पढ़ी जाती है। इस्लामिक मान्यता के अनुसार पैग़म्बर-ए-इस्लाम हज़रत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की पैदाइश 12 रबी-उल-अव्वल को मक्का में हुई थी। इसी वजह से मुसलमान हर साल इस दिन को मोहब्बत और अकीदत के साथ याद करते हैं। पैग़म्बर मोहम्मद साहब को रहमतुल्लिल आलमीन यानी पूरी कायनात के लिए रहमत कहा गया है।





### नबी-ए-पाक की हदीसों को याद करने का दिनः पप्पू मलिक

नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पप्पू मलिक बताते हैं कि ईद मिलादुन्नबी पर सबसे पहले लोग अपने दिलों को मोहब्बत और शुक्र से भरते हैं। मस्जिदों में कुरआन की तिलावत की जाती है। नात-ए-पैग़म्बर पढ़ी जाती है और जुलूस निकाले जाते हैं. मोहल्लों और गलियों को हरे झंडों और रोशनियों से सजाया जाता है। बच्चे और बड़े सभी इस जश्न में शामिल होते हैं। इस दिन नबी-ए-पाक की हदीसों को याद किया जाता है ताकि लोग अपनी जिंदगी को बेहतर बना सकें। गरीबों और जरूरतमंदों को खाना खिलाना और दान करना भी इस मौके का अहम हिस्सा है। उन्होने कहा कि हमें सोचना चाहिए कि हम पैग़म्बर साहब की बताई राह पर कितना चल पा रहे हैं। क्योंकि उन्होंने हमेशा सच बोलने, अमानतदारी निभाने, पड़ोसियों का ख्याल रखने और कमजोरों की मदद करने की शिक्षा दी है। इसलिए असली मक़सद यही है कि हम उनकी तालीमात को अपनी जिंदगी में अपनाएँ और उसी रास्ते पर चलें।

### शहर के मुख्य चौराहों से निकला भव्य जुलूस

ईद मिलादुन्नबी मनाने के लिये सारे शहर को दुल्हन की तरह सजाया गया। ईद मिलादुन्नबी के दिन सुबह 4 बजे से ही लोगो ने एक दूसरे को तबरुख तकसीम किया। जुमा की नमाज के बाद जामा मस्जिद से मुस्लिम समाज द्वारा जुलूस का आगाज किया गया। यह जुलूस नजरबाग से प्रारंभ होकर शहर के नजाई गेट, कटरा बाजार, जेठा चौराहा, लक्ष्मी टाकीज से होते हुए गुजरा। इस दौरान सरदार सिंह प्रेस पर विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला, सदर अब्दुल रज्जाक एवं नपा अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पप्पू मालिक के द्वारा जुलूस पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इसके बाद स्टेट बैंक चौराहा, गांधी चौराहे, कोतवाली, पुराना बस स्टैंड, मामौन दरवाजा, सेल सागर चौराहा से होते हुए जामा मस्जिद में जुलूस का समापन किया गया। जुलूस के दौरान मुस्लिम समाज की ओर से पंजाब में आई बाढ़ पीड़तिों के लिए चंदा के रूप में राशि भी एकत्रित की गई। ईदमिलादुन्नबी के दिन सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा शहर में सुबह से ही चौराहों पर ट्रैफिक व्यबस्था को दुरुस्त किया गया और जगह - जगह पुलिस बल की चाक-चौबंद व्यबस्था की गई। जिससे किसी को भी किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## टूट सकता है वर्ष 2021 में हुई सर्वाधिक बारिश का रिकॉर्ड

# बाढ़ में फंसी गर्भवती महिला समेत बीमार लोगों को रेस्क्यू कर पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

चार साल पहले 2021 में श्योपुर जिले में बाढ़ की जो स्थिति निर्मित हुई थी, वैसी स्थिति आज तक न तो कभी श्योपुर जिले में निर्मित हुई और न ही उस साल जैसी रिकॉर्ड बारिश पहले कभी हुई। मगर वर्ष 2021 में हुई रिकॉर्ड बारिश का रिकॉर्ड इस साल की बारिश तोड सकती है। क्योंकि वर्ष 2021 में जितनी बारिश हुई है, उतनी बारिश होने में अब सिर्फ 40 मिलीमीटर बारिश की दरकार है और जिस तरह से बारिश हो रही है,उसे देखकर लग रहा है कि इस साल बारिश का नया रिकॉर्ड बनेगा। उधर बारिश के कारण पार्वती नदी के उफनने से गुरूवार को श्योपुर बारा मार्ग बंद हो गया था, जबकि शुक्रवार को चंबल और कूनो नदी में बढे जल स्तर से ढिमरछा गांव बाढ से घिर गया, जिसमें फंसी एक गर्भवती महिला समेत गांव के बीमार लोगों को एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू करके अस्पताल पहुंचाना पड़ा।

पिछले तीन चार दिन से बारिश का दौर बना हुआ है,कभी तेज बारिश हो रही है तो कभी रिमझिम बारिश का दौर चल रहा है। जिसकारण अब यह बारिश आफत की बारिश बनती जा रही है। सबसे ज्यादा परेशानी निचली बस्ती में रहने वाले लोगो को उठानी पड़ रही है। क्योंकि उनके घरों में आसपास के नदी नाले उफनते ही पानी भरना शुरू हो जाता है। दो दिन पहले शहर के बाजार में लगी दुकानों में भी बारिश का पानी भर गया। उधर किसान भी लगातार बारिश से परेशान हो रहे हैं। किसानों का कहना है कि अब बारिश का दौर नहीं थमा तो धान की फसल में भी नुकसान होना शुरू हो जाएगा।



### बाढ़ से घिरा ढिमरछा गांव, गर्भवती समेत बीमारों अस्पताल पहुंचाने करना पड़ा रेस्क्यू

लगातार बारिश होने से चंबल और कूनो नदी में भी उफान आ रहा है। जिसकारण चंबल और कूनो नदी के बीच बसा ढिमरछा गांव से घिर गया। गांव में पहुंचने के रास्ते चंबल और कूनो नदी के बढे जलस्तर के कारण बंद हो गए,ऐसे में पूरा गांव बाढ से घिर गया। जिसकारण इस गांव की एक गर्भवती महिला को प्रसव पीडा होने तथा गांव के कुछ लोगों को बीमार होने पर अस्पताल पहुंचाने के लिए ग्रामीणों ने प्रशासन से मदद मांगी। वीरपुर थाना प्रभारी भारत सिंह गुर्जर ने बताया कि एसडीआरएफ की टीम को बुलाकर गांव के 16 लोगो को बीमार होने के कारण रेस्क्यू करके वीरपुर अस्पताल में दाखिल करवाया गया। जिनमें गभर्वती महिला नीलम रावत सहित रवि रावत, रामकेश रावत, द्वारिका बाई, योगेश, सचिन,इमरती बाई,प्रियांश, माताादीन, कृष्णा,भारती बाई, हेमराज, बनवारी, सुनील,वीर सिंह,पिंकी आदि महिला पुरूष और बच्चे शामिल है। उधर सूंडी गांव में भी पार्वती की बाढ से घिरे लोगों को रेस्क्यू करके निकाला गया।

### 2021 का रिकॉर्ड टूटने में सिर्फ 40 मिमी बारिश की दरकार

शहर समेत पूरे जिले में पिछले तीन चार दिनों से बारिश का दौर चल रहा है। जिसके चलते नदी नाले एक बार फिर उफान पर पहुंच गए है। भू अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बीते 24 घंटे के दौरान श्योपुर जिले में 14 मिमी बारिश हुई है। जिसे मिलाकर अब तक हुई औसत बारिश का आंकडा 1455.46 मिलीमीटर पहुंच गया है। जबकि वर्ष 2021 में श्योपुर जिले में आई सदी की भीषण बाढ के दौरान 1495 मिलीमीटर बारिश हुई थी। वर्ष 2021 में बने सर्वाधिक बारिश के रिकॉर्ड को टूटने अब सिर्फ 40 मिलीमीटर बारिश की दरकार है। 40 मिलीमीटर बारिश होते ही वर्ष 2021 में हुई सबसे ज्यादा बारिश का रिकॉर्ड टूट जाएगा। वैसे भी मौसम के मिजाज को देखते हुए 2021 का रिकॉर्ड टूटने और एक नया रिकॉर्ड बनने की संभावनाए जिले के लोग जता रहे है।

### 10 साल में श्योपुर जिले में हुई औसत वर्षा

| वर्ष | औसत बारिश |
|---|---|
| 2015 | 545.5 |
| 2016 | 842.4 |
| 2017 | 393.1 |
| 2018 | 955.7 |
| 2019 | 974.4 |
| 2020 | 576.3 |
| 2021 | 1495.0 |
| 2022 | 1295.0 |
| 2023 | 745.0 |
| 2024 | 1087.24 |
| 2025 | 1455.46 |

नोट-वर्ष 2025 की औसत बारिश 5 सितंबर तक की है।

## गसवानी पुलिस ने शराब की तस्करी करती पकड़ी एंबुलेंस

# पुलिस ने पीछा कर रोकी एंबुलेंस तो उसमें मरीज की जगह निकली 40 पेटी शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




आधी रात को करीब तीन किलोमीटर पीछा करके एंबुलेंस को रोकने वाली गसवानी थाना पुलिस तब हैरत में पड़ गई, जब उसे एंबुलेंस के अंदर मरीज की जगह 40 पेटी देशी शराब की रखी मिली। पुलिस ने शराब की तस्करी कर रही इस एंबुलेंस और उसमें रखी अवैध शराब को जब्त कर लिया है,लेकिन एंबुलेंस का चालक पुलिस को देखकर मौके से फरार हो गया,जिसकी मामला दर्ज कर तलाश की जा रही है।

दरअसल गुरूवार की देर रात को मुखबिर के जरिए एसपी वीरेन्द्र जैन को सूचना मिली कि विजयपुर क्षेत्र में खफाने के लिए बडी मात्रा में शराब एंबुलेंस के जरिए ग्वालियर तरफ से लाई जा रही है। रात करीब 2 बजे मिली इस सूचना पर कार्रवाई करने के लिए एसपी ने तत्काल गसवानी थाना प्रभारी रीना राजावत को निर्देशित किया। एसपी के निर्देश पर एक्शन में आई गसवानी थाना पुलिस ने गसवानी विजयपुर रोड पर नाकेबंदी कर दी। तभी पुलिस को एक एंबुलेंस आती नजर आई,जिसे पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो एंबुलेंस चालक एंबुलेंस को रोकने के बजाए उसे और तेजी से भगा ले गया। इसके बाद पुलिस टीम ने करीब तीन किलोमीटर तक एंबुलेंस का पीछा करते हुए उसे पकड लिया, लेकिन एंबुलेंस का चालक मौका पाकर एंबुलेंस से कूदकर भाग गया। जब पुलिस ने एंबुलेंस को चैक किया तो उसके अंदर मरीज की जगह 40 पेटी अवैध शराब की रखी हुई मिली है। गसवानी थाना प्रभारी रीना राजावत ने बताया कि एंबुलेंस और उसके अंदर रखी मिली 40 पेटी शराब को जब्त कर लिया है। साथही एंबुलेंस के चालक की तलाश करते हुए इस बात का भी पता किया जा रहा है कि यह शराब किसके द्वारा कहां भिजवाई जा रही थी। इस मामले में थाना प्रभारी के अलावा एएसआई नर सिंह मावई, प्रआ धर्मेन्द्र सिंह, जगदीश, आरक्षक दशरथ गुर्जर, रनजीत, शिवजी रावत, रामलखन धाकड़, मोहन दांगी की सराहनीय भूमिका रही है।

# अपनी आत्मा के एकत्व का शाश्वत बोध ही जीवन की सर्वोपरि उपलब्धि:शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर में दिगंबर जैन समाज द्वारा मनाए गए जा रहे पयुर्षण पर्व के नवें दिन शुक्रवार को प्रातः शांति धारा अभिषेक प्रेमचन्द,मनीष कुमार गोधा, प्रमोद कुमार, विनोद कुमार गोधा व पदमचंद विवेक कुमार गोधा परिवार के द्वारा की गई। इस दौरान श्रीजी 108 रिद्धि मंत्रो के अभिषेक भी किए गए।

प्रवचन के दौरान पंडित अरिहंत जैन शास्त्री ने उत्तम आकिंचन्य धर्म के बारे में बताते हुए कहा कि जग में कोई भी हमारा नहीं है हमारी तो सिर्फ निर्मल और ज्ञान स्वभावी आत्मा ही सदा शाश्वत है। वही मेरी है। इस आत्मा से पृथक जितने भी बाहरी पदार्थ हैं वे अशाश्वत हैं, कर्मों से उत्पन्न हैं, मेरे नहीं हैं। जो अपना नहीं है, नश्वर है, उससे अनुराग रखना अज्ञानता है, अनुराग भी रखना है तो उससे रखो जो तुम्हारा है, सदा है और शाश्वत है। अपनी आत्मा के एकत्व का शाश्वत बोध ही जीवन की सर्वोपरि उपलब्धि है।



### आज निकलेगी चंवरी यात्रा

अनन्त चतुर्दशी पर शनिवार को तेरापंथी जैन मंदिर से चंवरी यात्रा निकाली जाएगी। बताया गया है कि यह चंवरी यात्रा तेरापंथी जैन मंदिर से बंजारा डेम पर पहुंचेगी,जहां पूजन पश्चात यह चंवरी यात्रा वापस मंदिर पर आएगी। इस यात्रा में बडी संख्या में जैन समाज के लोग शामिल रहेंगे। चंवरी के बाद तेरापंथी एवं बीस पंथी मंदिर जी श्रीजी के अभिषेक होंगे।


# रघुनाथपुर में खेत पर घास लेने गई महिला पर गिरी आकाशीय बिजली,मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले के रघुनाथपुर थाना क्षेत्र में एक महिला की शुक्रवार को उस समय आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई, जब वह खेत पर घास लेने के लिए गई थी। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी डीएस मालवीय ने बताया कि ग्राम पिपरानी निवासी महिला सीमा 27 वर्ष पत्नी पवन राव शुक्रवार को घास लेने के लिए गांव के पास ही स्थित खेत पर गई थी। दोपहर करीब 11 बजे के आसपास तब यह महिला घास लेकर खेत से लौटने लगी, तभी अचानक उसके ऊपर आसमान से कड़कड़ाती हुई बिजली आ गिरी। जिससे महिला अचेत होकर नीचे गिर गई। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया,जहां उसकी मौत हो गई।

# इसी माह श्योपुर आ सकते हैं दाउदी बोहरा समुदाय के धर्मगुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



दाऊदी बोहरा समुदाय के 53 वें धर्मगुरु आली कदर मुफद्दल सैफुद्दीन के इसी माह श्योपुर आने की उम्मीद है। इस आशय की जानकारी दाउदी बोहरा समुदाय के प्रवक्ता सिराज दाउदी ने दी।

दाऊदी बोहरा समाज के धर्मगुरु के श्योपुर प्रवास की तैयारी दाउदी बोहरा समुदाय ने शुरू कर दी है। हालांकि दाऊदी बोहरा समाज के धर्म गुरु के कार्यालय से अभी तक श्योपुर प्रवास की अधिकृत सूचना नहीं मिली है लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि वह 20 से 25 सितंबर के बीच में श्योपुर आ सकते हैं। अगर ऐसा हुआ तो यह जिले के लिए यह बहुत बड़ी बात होगी ज्ञात हो कि दाऊदी बोहरा समाज के धर्मगुरु विश्व में एक ही होते हैं और उनके दौरे साल भर के लिए फिक्स होते हैं हर शिया मुस्लिम देश में उन्हें आमंत्रण करने की होड़ लगी रहती है। जब वह इंदौर आए थे तो तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनसे मिलने पहुंचे थे।

# कलेक्टर का नवाचार,18 से 45 वर्ष की महिलाओं का होगा स्वास्थ्य परीक्षण

**श्योपुर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा के नवाचार के तहत 18 से 45 वर्ष की सभी महिलाओं के हेल्थ चैकअप एवं उपचार हेतु नारी स्वास्थ्य संजीवनी अभियान शुरू किया जा रहा है, अभियान के तहत शिविरो का आयोजन 8 सितंबर से प्रारंभ होगा। कलेक्टर की पहल पर चलाये जा रहे इस अभियान के तहत 390 सहरिया बाहुल्य ग्रामों एवं सहरानों में नारी स्वास्थ्य कल्याण शिविर आयोजित किये जायेगे। इन शिविरों के सफल क्रियान्वयन के लिए संबंधित क्षेत्र के एसडीएम को नोडल अधिकारी तथा सीईओ जनपद पंचायतों को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसके साथ ही उक्त शिविरों की मॉनीटरिंग एवं रिपोटिंग के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जिला महिला बाल विकास अधिकारी को जिम्मेदारी सौपी गई है। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार आंगनबाडी केन्द्र पर आयोजित होने वाले शिविर की सभी व्यवस्थाएं पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक द्वारा की जायेगी तथा संबंधित सीएचओ एवं एएनएम द्वारा चिन्हांकित महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण स्वास्थ्य प्रोटोकॉल के अनुरूप किया जायेगा, आशा एवं आंगनबाडी कार्यकर्ता, सहायिका, महिलाओं के चिन्हांकन तथा शिविर स्थल तक लाने में सहायता करेंगी। बताया गया है कि श्योपुर विकासखण्ड के 74, कराहल विकासखण्ड के 101 तथा विजयपुर विकासखण्ड के 115 सहरिया बस्तियों में यह शिविर आयोजित किये जायेगे। इन शिविरों के दौरान महिलाओं से संबंधित 8 प्रकार की जांच की जायेगी, जिसमें एएनसी जांच, एनसीडी स्क्रीनिंग एवं उपचार, टीबी जांच, हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की जांच, हीमोग्लोबिन, बीपी एवं शुगर की जांच की जायेगी।

### शिक्षित बालिका समाज में बहुत बड़ा बदलाव ला सकती है: जादौन

**श्योपुर।** टीचर्स दिवस के अवसर पर बड़ौदा व कराहल क्षेत्र में महात्मा गांधी सेवा आश्रम द्वारा इंपैक्ट के सहयोग से संचालित बालिका शिक्षा केन्द्रों पर 45 गांव के 46 केन्द्रों पर शिक्षक दिवस मनाया गया जहां पर बालिकाओ एवं ग्रामीणों द्वारा शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर संस्था के एडवाइजर समाजसेवी जयसिंह जादौन ने बताया कि शिक्षा ही वह हथियार है जो समाज में बालिकाओं को सशक्त बना सकता है संविधान ने भी हमें शिक्षा एवं संस्कृति के अधिकार के तहत 6 से 14 वर्ष की बालक बालिकाओं के लिए निशुल्क शिक्षा की व्यवस्था की गई है।

# अजापुरा पहुंचा ज्योति कलश रथ पंच कुंडी गायत्री महायज्ञ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



बुधवार को श्योपुर पहुंचा ज्योति कलश रथ यात्रा विभिन्न क्षेत्रों में भक्तों को दर्शन देने के बाद शुक्रवार को ग्राम अजापुरा पहुंचा वहां उसका भव्य स्वागत हुआ। इसके उपरांत स्थानीय बगीची वाले हनुमान मंदिर में पंच कुंडी गायत्री महायज्ञ का आयोजन हुआ। जिसका संचालन चतर्भुज नागर एवं चौथमल शर्मा द्वारा किया गया।

जिला मुख्यालय से यह रथ ग्राम महू पहुंचा जहां ग्रामीणों ने रथ का पूजन किया । सायं 5बजे रथ ग्राम चंद्रपुरा पहुंचा जहां श्री गोपाल जी के मंदिर पर दीप महायज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें माता बहने अपने घरों से दीपक लेकर आई, यह नजारा बेहद रमणीय प्रतीत हुआ।

इस अवसर पर सुगन चंद रावत, आदित्य चौहान, राजेंद्र गुप्ता, विष्णु शर्मा, बाबूलाल नागर,, महेंद्र शर्मा, ब्रिजनेश सिंह परिहार,अंजली गौड़ लेखराज सुमन, विक्रांत सिंह सहित गायत्री परिजन एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## मदरसों में आयोजित हुए सीरतुन्नबी जलसे

# जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद मिलादुन्नाबी, निकाले जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर सहित अंचल भर में शुक्रवार को ईद मिलादुन्नबी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज ने शहर में विशाल जुलूस भी निकाला और सीरतुन्नबी जलसे आयोजित किए। पिछले 3-4 दिनों से मुस्लिम समाज की जुलूस की रूप रेखा को लेकर चल रही बात में समुदाय एक राय नहीं दिखा। हालांकि पहले शहर काजी अतीक उल्लाह कुरैशी ने जुलूस में बैंड बाजा डीजे पटाखे ऊंट घोड़े आदि पर प्रतिबंध की बात कही थी लेकिन शुक्रवार को जुलूस में ऊंट घोड़े दिखाई दिए लेकिन रूट जरूर परिवर्तित किया गया। एक जुलूस वार्ड 1 किला बस्ती से शुरू होकर जयस्तंभ से वापस किला बस्ती पहुंचा। दूसरा जुलूस करबला रोड से शुरू होकर छारबाग टीला मोहल्ला, सूबात चौराहा, मैन बाजार, पटेल चौक से शिवपुरी रोड होता हुआ सूबात चौराहा, यहां से किला रोड भैंस पाड़ा, करबला घाट के पास नौगजा पीर पर पहुंचकर संपन्ना हुआ। तीसरा जुलूस गांधीनगर से निकला जो शहर के मुख्य बाजार से होता हुआ निकला। उधर विजयपुर, बड़ौदा, शिवलालपुरा आदि स्थानों पर ईद मिलादुन्नाबी पर जुलूस निकाले गए। जामा मस्जिद सब्जी मंडी में सीरतुन्नबी जलसा आयोजित हुआ।




### विजयपुर में हिंदू मुसलमानों ने मिलकर निकाला जुलूस

ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर विजयपुर मुख्यालय पर भी विशाल जुलूस निकाला गया। यह जुलूस इसलिए महत्वपूर्ण हो गया क्योंकि इस जुलूस में जितने मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए उतने ही संख्या में हिंदू समाज के लोगों ने भी शिरकत की। हिंदू मुसलमान द्वारा मिलजुल कर निकाले गए इस जुलूस की चर्चा शहर में दिनभर रही। मस्जिद से धार्मिक झंडों के साथ निकाला जुलूस शहर के विभिन्न मार्ग से होते हुए वापस मस्जिद पहुंचा। इस दौरान बाजार में रहने वाले हिंदू समाज के लोगों ने जुलूस में चल रहे लोगों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। हिंदू समाज के लोगों राजनीतिक सामाजिक कार्यकर्ता आदि ने जुलूस में शामिल होकर सद्भावना को बढ़ाने का काम किया।



### एसपी ने सराही मुस्लिम समुदाय की पहल




ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर इस बार शहर श्योपुर में निकाले गए जुलूस का रूट टोड़ी गणेश बाजार के बजाय किला रोड भैंस पड़ा होते हुए कर्बला घाट, नोगजा पीर रखा गया जिसकी एसपी वीरेंद्र जैन ने सराहना करते हुए मुस्लिम समुदाय की प्रशंसा की है। इस संबंध में उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो डालते हुए कहा है कि टोडी गणेश बाजार में जिस जगह से ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकाला जाता था या ताजियों का जुलूस निकाला जाता है वह रास्ता बहुत संकरा है, जहां जुलूस को निकालकर ले जाने में भी परेशानी होती है साथ ही आपसी मतभेद की संभावना हमेशा बनी रहती है। मुस्लिम समुदाय ने ईद मिलादुन्नबी का रूट बदलकर जो सद्भावना का परिचय दिया है इसके लिए समस्त मुस्लिम समाज बधाई का पात्र हैं।

## शिक्षक दिवस पर वक्फ़ इंतजामिया कमेटी ने किया सम्मान समारोह आयोजित

# इस्लाम की शुरुआत ही जिस शब्द पढ़ो से हुई उसे भूलना बड़ी भूल: डॉ खान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




यह आश्चर्य की ही बात है कि जिस इस्लाम की शुरुआत पढ़ो (इकरा) शब्द से हुई उस शब्द को ही मुसलमान ने खुद से दूर कर दिया और इसी दूरी की वजह से आज मुसलमान परेशान है। अगर खुद के ओर समाज के जीवन में खुशहाली लानी है तो शिक्षा का दामन कसकर थामना पड़ेगा। यह बात वक्फ इंतजामिया कमेटी जमातखाना द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित हुए शिक्षक सम्मान समारोह में वरिष्ठ शिक्षक एवं साहित्यकार डॉ अशफाक खान अर्शी ने मुस्लिम समुदाय को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान वक्फ इंतजामिया कमेटी की ओर से डॉ अर्शी का शॉल ओढ़ाकर व माला पहनाकर सम्मान किया गया।

मुस्लिम सामुदायिक भवन जमातखाना में आयोजित हुए सम्मान समारोह में आय अतिथियों का स्वागत करते हुए वक्फ़ इंतजामिया कमेटी जमातखाना के सदर इंसाफ कुरैशी ने बताया कि मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के चेयरमैन (कैबिनेट मंत्री दर्जा) डॉ सनवर पटेल के निर्देश पर यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता वक्फ कमेटी के जिलाध्यक्ष काजी असद उल्लाह कुरैशी ने करते हुए कहा कि शिक्षक ही हमारे जीवन के सबसे अहम गुरु होते हैं, जो हमें भविष्य में सही रास्ता दिखाने, मार्गदर्शन करने व जीवन में कुछ बड़ा करने के लिए हमेशा प्रेरित करते हैं। शिक्षक हमारे लिए किसी फरिश्ते से कम नहीं होते हैं। शिक्षक की हमारे जीवन में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मैं कहना चाहूंगा शिक्षक केवल हमें किताबी दुनिया से रूबरू नहीं करवाते हैं, बल्कि उनकी हमारे जीवन में एक अहम भूमिका होती है। शिक्षक हमें किताबों से अलग जीवन में सकारात्मक सोच रखने व एक अच्छा इंसान बनाने का भी प्रयास करते हैं। इस दौरान मस्जिद के इमाम हाफिज बिलाल मोहम्मद, समाजसेवी मोहम्मद चीनी कुरैशी, एड जमील कुरेशी, बरकत खान, राजू मेव, फरीद मोहम्मद, हामिद अली नकवी, एड जाहिद हाशमी, वहदत हसन सोनिया, जुगनू खान आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### पूर्व नप अध्यक्ष रविंद्र ने सफाई कर्मचारियों को वितरित किए रेनकोट

**कोलारस।** अत्यधिक बारिश के मौसम को देखते हुए पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रविंद्र शिवहरे ने सफ ाई कर्मचारियों और पंप अटेंडरों को रेन कोट वितरित किए हैं। इस दौरान पूर्व नप अध्यक्ष रविंद्र शिवहरे ने कहा कि बारिश के मौसम में सफ ाई व्यवस्थाए पानी एवं अन्य कार्य प्रभावित न हों इसको ध्यान में रखते हुए रेनकोट का वितरण किया गया। जिससे बारिश के दौरान कार्य करने में किसी प्रकार की समस्या न हो। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी रमेश भार्गव, पार्षद सुरेश राठौर, पार्षद भानु जाट, राजू भार्गव, राम सडैया, संदीप चंदेल सहित नगर पंचायत के कर्मचारी मौजूद रहे।

### बिना सूचना महिला कर्मी गायब, सीईओ ने काटा एक दिन का वेतन

**पिछोर।** जनपद पंचायत पिछोर में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवपुरी तथा जनपद पंचायत पिछोर मुख्य कार्यपालिका एन एस नरवरिया ने बुधवार जनपद पंचायत का कक्ष बाय निरीक्षण किया जिसमें दो कर्मचारियों को अनुपस्थित पाया जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत पिछोर में पदस्थ स्नेहा गुप्ता एपीओ मनरेगा तथा वीणा मजेजी एपीओ मनरेगा बिना किसी सूचना के कार्यालय से अनुपस्थित पाई गई सूत्रों के अनुसार पूर्व में भी इन कर्मचारियों को कार्यालय से उपस्थित रहने पर तथा मुख्यालय पर निवास करने हेतु निर्देशित किया गया था बावजूद इसके आज अनुपस्थित पाई गई। उनके कार्य प्रणाली में कोई सुधार नहीं पाया गया जिस पर सीईओ 1 दिन का वेतन राजसात किए जाने की कार्यवाही की है सीईओ ने कहा कि कर्मचारियों द्वारा कार्य में किसी तरह की कोताही नहीं बरतें।

## कई गोशालाओं में प्याज-भूसा भरा, तो कई गोशालाओं में लटका ताला

# कागजी निरीक्षण कर गोशालाओं को करोड़ों भुगतान, सड़कों पर दम तोड़ता रहा गोवंश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलारस।

विगत 2 साल से फोरलेन हाइवे 46 पर सडक दुर्घनाओं में सैकडों गोवंश ने दम तोड दिया। वहीं हजारों की संख्या में गोवंश अनाथों की तरह सडकों पर विचरण करता हुआ देखा जा रहा है। गोवंश से संबधित इस प्रकार की घटनाएं विगत 2 साल में लगातार शोसल मीडिया पर प्रतिदिन देखने को मिल रही हैं।

जबकि कोलारस जनपद क्षेत्र में 19 गोशालाओं का निर्माण किया गया था। इनमें से ग्राम पंचायत गणेशखेडा, लुकवासा, सरजापुर, राजगढ, टुडयावद, धर्मपुरा, खरई, भडौता, मोहरा, अटरूनी, उकावल, किशनपुर, बेरसिया, कुल्हाडी, अशासकीय गोशालाओं में श्री दयोदय पशु सेवा एवं पर्यावरण केन्द्र सेसईसडकए श्री पवा गोशासा संस्थान कोलारस आदि कुल 16 गोशालाओं का संचालन पशु विभाग के अफसरों की भ्रष्ट कारगुजारियों के चलते सुचारू रूप से कागजों में दर्शाया गया। आमजनों, समाज सेवियों, पशु प्रेमी, गोरक्षक संगठन भी इन गोशालाओं में भूसा, घांस, चारा आदि का सहयोग करते रहे हैं। किंतु हालहि में जब फोरलेन हाइवे पर एक साथ एक दर्जन से अधिक गाय सडक हादसे का शिकार होकर काल के गाल में समां गईं तो शिवपुरी कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी भी सोचनीय मुद्रा में आ गए। गोसरंक्षण की दिशा में प्रभावी कार्रवाई करते हुए कलेक्टर चौधरी ने फोरलेन हाइवे पर विचरण करने वाले गोवंश को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने का भार उठाया। इस पुनीत कार्य में कोलारस एसडीएम अनूप श्रीवास्तव भी पीछे नहीं रहे। एसडीएम श्रीवास्तव ने तुरंत सभी विभागीय प्रमुखों, जनप्रतिनिधियों, गोसवक संगठनों, गोशाला संचालकों, सरपंच-सचिवों की बृहद बैठक आयोजित कर सभी को स्पष्ठ निर्देश दिए की लगातार गोशालाओं का निरीक्षण किया जाएए साथ ही फोरलेन हाइवे पर विचरण करने वाले गोवंश को पशु विभाग चिन्हित कर नगर पंचायत के सहयोग से खाली पडी गोशालाओं में सुरक्षित पहुंचाए। इसी बीच एनजीएसवाय अंतर्गत संचालित शासकीय गोशालाओं के नाम और उनको 1 साल 3 माह के भीतर किए गए भुगतान का ब्यौरा शोसल मीडिया पर सामने आ गया। उक्त गोशालाओं को प्रदान की गई 4 करोड से अधिक राशि का ब्यौरा देख शासन प्रशासन सहित भाजपा के नेताओं की चूलें हिल गईं। कोलारस जनपद क्षेत्र की 16 गोशालाओं को प्रदान की गई 4 करोड से अधिक की राशि का आहरण किया है।

### गोरक्षा के पुनीत कार्य में भी भ्रष्टाचार

कोलारस के पशु विभाग के प्रभारी सीएस वाथम ने गोवंश के लिए आने वाले चारा और भूसा में भी अपनी कमाई का जरिया तलाशा। गोसंचालकों द्वारा तैयार किए गए फर्जी रजिस्टरों में दर्शाई गई गोवंश की संख्या को आंखे बंद कर पशु चिकित्सा विभाग ने वैरिफाई कर दिया। गोवंश के



नाम आने वाले 4 करोड से अधिक के वजट को ठिकाने लगा दिया। हालांकि प्रत्येक गोशाला की स्थिति गोशाला विहीन नहीं रही। कुछ गोशालाएं कागजों के साथ.साथ धरातल पर ही ठीक तरीके से संचालित हो रही थीं। किंतु अधिकतर गोशालाओं में मूलभूत सुविधाओं के अभाव में ताला लटका हुआ पाया गया। कई गोशालाओं में लगातार गोवंश ने दम भी तोडा। किंतु पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों ने कागजों में इसको नहीं दर्शाया। जबकि प्रत्येक मरने वाले पशु का पीएम किया जाना था। इस प्रकार फर्जी कागजी निरीक्षण में महारथ पशु चिकित्सा विभाग ने गोशालाओं में दम तोडते गोवंश की उपस्थिति दर्ज कर गोसंचालकों को मालामाल करने का काला कारनामा किया है।

### इनका कहना है

गोवंश को लेकर मैनें जीरो टॉलरेंस की नीति पर सभी को कार्य करने का निर्देश दे दिया है। हाइवे पर विचरण करने वाले गोवंश को गोशालाओं तक पहुंचाया जा रहा है। जिन गोशालाओं में गोवंश न होने पर भी भुगतान हुआ है उन गोशालाओं का निरीक्षण में खुद करूंगा।

**अनूप श्रीवास्तव,** एसडीएम कोलारस

## कार से सरपंच की मौत का मामला

# भानगढ़ पुलिस ने 2 आरोपियों पर किया हत्या का मामला दर्ज



**बीना।** देवल पंचायत के सरपंच की कार एक्सीडेंट से दर्दनाक मौत होने के बाद भानगढ़ पुलिस ने 2 आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। हत्या का कारण पुरानी बुराई बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार गुरूवार शाम करीब 5 बजे देवल पंचायत सरपंच लाखन सिंह यादव बीना से अपने गांव देवल जा रहे थे। तभी भानगढ़ रोड पर गुरयाना गांव के पास एक कार चालक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उन्हें गंभीर चोटें आने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर वह परिजन मौके पर पहुंचे और शव को सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया। इसके बाद घटनास्थल पर एसडीओपी नितेश पटेल, थाना प्रभारी बीना अनूप यादव, भानगढ़ थाना प्रभारी सतेन्द्र सिंह भदौरिया, आगासौद थाना प्रभारी नितिन पाल सहित पुलिस स्टाफ मौके पर पहुंचा। परिजन करीब चार घंटे तक शव रखकर हत्या का आरोप लगाते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग पर अड़े रहे। इसके बाद पुलिस ने आश्वासन दिया कि जांच करके आरोपी पर कार्रवाई की जाएगी और फिर परिजन शव को अस्पताल ले जाने के लिए माने। रात करीब साढ़े नौ बजे शव को सिविल अस्पताल के मर्चुरी रूम में रखवाया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर कार को जब्त की गई थी। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही के बाद मर्ग कायम किया और दूसरे दिन शव का सिविल अस्पताल में पीएम कराने के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया। बाद में परिजनों ने गांव में मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में पुलिस बल मौजूद रहा।

# एसडीएम की अध्यक्षता में आदि कर्मयोगी अभियान की दो दिनी कार्यशाला आयोजित

**कोलारस।** आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जनजातीय वर्ग के लिए चलाये जा रहे आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत कोलारस, बदरवास में 2 दिवसीय कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम अनूप श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम के नोडल जनपद सीईओ दिनेश शाक्य एवं जिले से मास्टर ट्रेनर एवं बदरवास कोलारस के ब्लॉक मास्टर ट्रेनर क्लस्टर मास्टर ट्रेनर सहित सभी 10 विभागों से आए विभागीय प्रमुख उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण कर प्रारंभ किया। इसके बाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। एसडीएम श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में बताया किस तरह से ग्राम पंचायत की मूलभूत योजनाओं से जमीन के अंतिम छोर के आम जन को योजनाओं का लाभ दिलाया जा सकता है। साथ ही जो ग्राम लेवल पर किस तरह की जो परेशानियां आती हैंए उन सभी चुनौतियों से किस तरह



से समाधान पाना है। समाधान पाकर योजनाओं को किस तरह से धरातल पर लाना है जिससे योजनाओं से वंचित वर्ग को जो योजनाओं से लाभ मिलने में जो समस्या आती हैं उसे दूर कर योजना का लाभ दिलाएं। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के नोडल मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश शाक्य ने अपने संबोधन में कहा कि ग्राम पंचायत लेवल पर जो योजनाएं संचालित हैं उन सभी योजनाओं में किस तरह से हितग्राहियों को लाभ पहुंचाएंए जिससे हितग्राहियों को बिना किसी समस्या के योजनाओं का लाभ मिल सके। जो ग्राम लेवल पर ही उक्त समस्याओं का समाधान करे।

# अमोला की पुलिस ने 40 पेटी अवैध देशी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

बीते रोज अमोला प्रभारी उप निरीक्षक अंशुल गुप्ता को मुखविर द्वारा सूचना मिली कि एक कार से शराब की तस्करी की जा रही है जिससे थाना प्रभारी दो आरोपियों को बलेनो कार से शराब का परिवहन करते हुए पकड़ा। पकड़े गए आरोपियों में मनोज लखेरा पुत्र लक्ष्मण प्रसाद लखेरा निवासी दौलतगंज राजा बक्सर का गेट




कोतवाली लश्कर जिला ग्वालियर, बिजेन्द्र सिंह चौहान पुत्र राजा सिंह चौहान निवासी जडेरुआ बंधा सिटी महाराजापुरा ग्वालियर के कब्जे से छान रोड पर से 40 पेटी देशी प्लेन शराब वाहन के कीमती 2,00,000 रूपये की मय बलेनो वाहन कीमती 6,50,000 कुल मशरुका 8,50,000 के जप्त कर आरोपीगण को गिरफ्तार कर, धारा 34(2) आवकारी का पंजीबद्ध कर जेल भेज दिया है। इसमें टीई अमोला उनि अंशुल गुप्ता, सउनि वासुदेव प्रसाद , आर संजीव श्रीवास्तव , आर. हीरेन्द्र सिंह , आर. हिम्मत सिंह, आर. अतर सिंह, आर महेश, आर. संतोष पाठक , आर. कुलदीप, आर. नीतन्द्र सिंह की भूमिका रही।




### कलम भेंट कर शिक्षकों का किया सम्मान

**बीना।** सरदार पटेल हाई सेकेंडरी स्कूल जेपी बीना में शिक्षक दिवस मनाया गया। जिसमें विद्यालय के पूर्व छात्र छात्राओं ने विद्यालय पहुंचकर प्राचार्य एवं शिक्षकों का कलम भेंट कर सम्मान किया। साथ ही केक काटकर शिक्षक दिवस मनाया गया। इस मौके पर प्राचार्य कपिल कुमार शुक्ला ने कहा आज का दिन आप सभी के लिए खुशहाली का दिन है। शिक्षक आपने मार्गदर्शन होते हैं। समस्या आने पर अपने शिक्षकों से मार्गदर्शन लेना चाहिए। इस मौके पर उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी और भविष्य में आगे बढ़ने का आशीर्वाद प्रदान किया। इस मौके पर पूर्व छात्र रमाकांत, रामराज, देवराज, अर्सलान खान, अभिराज, आदि उपस्थित रहे।

## आना दिगंबर जाना दिगंबर तो बीच में आडंबर क्यों झ मुनिश्री

# दशलक्षण पर्व के नौवें दिवस उत्तम आकिंचन धर्म का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

दशलक्षण पर्व के नवें दिवस उत्तम आकिंचन धर्म का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुबह अभिषेक, शांतिधारा करने के उपरांत 10 लक्षण पूजन और विधान का आयोजन किया गया। 10 लक्षण की पूजन में पूरी समाज ने भाग लिया और विधान में 10 परिवारों ने विधान का पुनर्जन किया।



श्रद्धालुओं ने परम पूज्य आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागर महाराज एवं आचार्य गुरुवर श्री समय सागर महाराज की पूजन किया। धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री सुब्रत सागर महाराज ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज उत्तम आकिंचन्य धर्म है। किंचित मात्र भी अपने पास वस्तु नहीं रखना यह आकिंचन्य धर्म कहलाता है। यह धर्म विशेष रूप से दिगंबर साधनों का माना जाता है। किंतु वह किसी प्रकार का कोई परी ग्रह नहीं रखते। मुनिश्री ने कहा कि जब साधु अपनी साधना करते हैं उसे समय में साधना में कहीं उपसर्ग आते हैं उन उपसर्गों से बचने के लिए अपनी आत्मा के ध्यान में लीन रहते हैं। किंतु जब कोई पराया वस्तु अपने पास होती है तो अपने आत्मा के ध्यान में लीन रहना मुश्किल हो जाता है। किंतु संसार में जब कोई व्यक्ति अकेला रहता है तब वह भयभीत होता है। आत्महत्या जैसे पाप कर लेता है। संसार में अकेलापन खतरा होता है किंतु मोक्ष मार्ग में अकेलापन यह धर्म माना जाता है। जब हमारा जन्म होता है तब हम दिगंबर पैदा होते हैं। जब हमारी मृत्यु होती है तो अंतिम संस्कार के समय में भी हमें दिगंबर कर दिया जाता है। आना दिगंबर जाना दिगंबर तो बीच में आडंबर क्यों। यह सोचकर संसार से भयभीत होकर एक संसारी प्राणी दिगंबर दीक्षा ग्रहण कर लेता है।

# अस्पताल रोड गणपति समिति कार्यकर्ता हर रोज मरीजों को बांट रहे प्रसाद

## बप्पा की आर्कषक साज-सज्जा लोगों को कर रही है मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिछोर

नगर में आजकल जगह जगह गणपति भगवान की झांकियां सजी हुई हैं, इनमें समस्त नगर में चर्चा तो बस अपस्ताल रोड के महाराजा गणपति जी की झांकी की हो रही है। पिछोर के सरकारी अस्पताल वाले रोड पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान गणपति की झांकी लगाई गई है। प्रतिमा भी विशाल और सुंदर है साथ ही इसका श्रृंगार प्रतिदिन बदल बदल कर किया जाता हे जो भक्तों का मन मोह लेता है। झांकी में प्रतिदिन सुबह शाम आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया जाता हे विशेष बात यह हे कि प्रसाद सरकारी अस्पताल में भर्ती



मरीजों ओर उनके साथ आए हुए अटेंडरों को भी दिया जाता है। समिति के सदस्य सुबह की आरती के बाद प्रसाद लेकर अस्पताल में जाकर मरीजों को अपने हाथों से प्रसाद देते हैं और साथ ही मरीजों के साथ आए हुए सहयोगियों को भी देते हैं प्रसाद में कभी पोहा, कभी दलिया, पूड़ी सब्जी, अन्नकूट, समोसा, साबूदाने की खिचड़ी, केला, सेव , बिस्किट, तले हुए चने, लाई, आदि बांटे जाते हैं। झांकी में साम के समय आरती के लिए रोड पर भक्तों की भीड़ एकत्रित हो जाती हे दिन के अनुसार साम के समय किसी दिन मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तो किसी दिन भजन मंडली द्वारा सुंदर भजनों का गायन किया गया। मंगलवार को मंडली द्वारा सुंदर कांड के पाठ का गायन किया गया। इस तरह प्रतिदिन कुछ न कुछ कार्यक्रमों का आयोजन अस्पताल रोड के महाराजा की झांकी में किया जाता हैं।

## डॉ. उमा शिक्षक सम्मान से सम्मानित

# पार्क में मनाया गया सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस



**बीना।** नगर के हाउसिंग बोर्ड कॉलानी में स्थित पार्क में चल रही निशुल्क योग क्लास के द्वारा सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस पर शिक्षक दिवस बड़े ही हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाते हुए समाज को एक सकारात्मक नई दिशा का बोध कराया है। कार्यक्रम के दौरान गर्ल्स कालेज प्राध्यापक डॉक्टर उमा लवानिया का शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ उमा लवानिया ने कहा कि इस धरती पर मां के रूप में जीवन दान देने वाली हर महिला शिक्षक है। क्योंकि एक महिला एक परिवार का संचालन करती है। बच्चे का प्रथम साक्षात्कार मां से होता है इसलिए हम सभी को समाज के प्रत्येक वर्ग से जुड़कर नई पीढ़ी को मार्गदर्शित करना है। भटकती हुई युवा पीढ़ी को सही दिशा देना है एवं समाज में बढ़ती हुई समस्याओं पर अंकुश लगाने के लिए अपना योगदान देना है। कार्यक्रम का संचालन एवं योग शिक्षक हेमा ऊधवानी ने कहा कि शिक्षक हमें ईमानदारी, सत्य एवं नैतिक गुण सिखाते हैं। हमें संघर्षो से लड़ना सिखाते हैं। अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं इसलिए उनके बताए मार्ग का हमें अनुसरण करना चाहिए। इस अवसर पर सौम्या, रजनी, अनुराधा, गंगा, पूनम, नूर बानो, लता, प्रीति, भारती, मीरा, मीना, सुनीता सभी ने अपने-अपने विचार रखते हुए कहा कि शिक्षक वह दीपक है जो खुद जलकर हमें रोशनी देता है। शिक्षक समाज का मार्गदर्शक है ,शिक्षक समाज का आधार स्तंभ है, शिक्षक समाज को नित नई राह दिखाता है, शिक्षक विद्यार्थी को उच्च शिखर तक ले जाता है, शिक्षक वह दीपक है जो खुद जलकर हमें रोशनी देता है। इन विचारों से सभी को लाभान्वित किया।

### स्वयंसेवकों को किया गया सम्मानित

**बीना।** बीपीसीएल बीना रिफाइनरी के द्वारा संचालित कार्यक्रम समत्व के अंतर्गत शुक्रवार को भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति, भारत रत्न डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जन्म जयंती पर शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी स्वयंसेवकों ने अपने शिक्षक अनुभव साझा किए एवं उन्होंने शिक्षक की भूमिका को समाज और राष्ट्र निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। इस कार्यक्रम के माध्यम से एक शिक्षक के रूप में स्वयंसेवकों की पहचान बनाने के लिए स्वयंसेवकों ने बीपीसीएल व संस्था समन्वय मंडपम को धन्यवाद दिया।

## आईआईटी गांधीनगर गुजरात से प्रशिक्षण लेकर आए मास्टर ट्रेनरों ने दिया प्रशिक्षण

# शिक्षकों ने सीखा कैसे पढ़ाएं जिज्ञासु किट से गणित व विज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी।

राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जिले के मिडिल स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र.छात्राओं को गणित व विज्ञान विषय पढ़ाने के लिए नई व्यवस्था लागू की है। इसके तहत आईआईटी गांधीनगर गुजरात से विशेष एक्सपीरियंसल लर्निंग किट यानी की जिज्ञासु किट क्रय कर जिले के माध्यमिक विद्यालयों को दी जा रही है।अब मिडिल स्कूलों में इस जिज्ञासु किट के जरिए गणित व विज्ञान के छात्र विषय वस्तु को प्रयोग करके सीखेंगे। इसी जिज्ञासु किट के इस्तेमाल को लेकर डाइट में जिले के चार ब्लाकों में 40 जन शिक्षा केंद्रों के 80 शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया जिसका समापन बुधवार को किया गया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर डाइट प्राचार्य एमयू शरीफ, जिला शिक्षा केंद्र के डीपीसी दफेदार सिंह सिकरवार, एपीसी मुकेश पाठक, वरिष्ठ व्याख्याता अनिल चौबे, राजेश श्रीवास्तव, जितेंद्र गुप्ता, अनीता गुप्ता, प्रशिक्षण प्रभारी सरिता लोधी, प्रशांत गुप्ता व बबलू आदिवासी सहित गुजरात से विशेष प्रशिक्षण लेकर आए मास्टर ट्रेनर व शिक्षक मौजूद थे।



डाइट प्राचार्य एमयू शरीफ ने बताया कि जिले के माध्यमिक विद्यालयों में गणित व विज्ञान विषय पढ़ाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली एक्सपीरियंशियल लर्निंग किट के प्रयोग का प्रशिक्षण दो चरणों में आयोजित किया गया।प्रशिक्षण के पहले चरण में 28 से 30 अगस्त तक पिछोरएखनियाधानाएनरवर व करैरा ब्लॉक के 40 जन शिक्षा केंद्रों के मिडिल स्कूलों के 80 शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। इसके बाद दूसरे चरण में शिवपुरीएकोलारसएबदरवास व पोहरी ब्लॉक के 40 जन शिक्षा केंद्रों के 80 शिक्षकों के 1 सितंबर से शुरू हुए प्रशिक्षण का समापन 3 सितंबर को किया गया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर सभी शिक्षकों को डीपीसी दफेदार सिंह सिकरवार द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

डाइट में आयोजित हुए द्वितीय चरण के जिज्ञासु किट के प्रशिक्षण में आईआईटी गुजरात से विशेष प्रशिक्षण लेकर आए मास्टर ट्रेनरों द्वारा गणित व विज्ञान के शिक्षकों को सिखाया गया कि वह जिज्ञासु किट के जरिए किस तरह बच्चों को गणित व विज्ञान विषय रुचिकर व सरल ढंग से पढ़ाएं। इस दौरान मास्टर ट्रेनर पूजा शर्माएअंशिका भारद्वाजएपरवीन कुरैशीएनीरज मिश्रा व रमेश कुशवाह मिडिल स्कूलों में जिज्ञासु किट का इस्तेमाल कर बच्चों को प्रयोग कर सिखाने के गुर शिक्षकों को बताए गए।

### शिक्षक दिवस पर किया छात्रों ने शिक्षकों का सम्माान

**शिवपुरी।** बदरवास के संदीपनी शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बदरवास मैं प्राइमरी के छात्रों ने शिक्षक दिवस के पूर्व विद्यालय के शिक्षकों का सम्मान किया, छात्रों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। शक्षक दिवस क्यों मनाया जाता है इस संबंध में बोला एप्राइमरी के छात्रों ने विद्यालय में गजब की प्रस्तुतियां दी। इनकी प्रस्तुतियां देखकर प्राचार्य महेंद्र कुमार गुप्ता ने सभी छात्र-छात्राओं की बहुत तारीफ की, उनका उत्साह वर्धन किया और उन्हें समझाया, की हमें अनुशासन में रहना है तथा अच्छे नंबर से पास होना है। इस अवसर पर प्राइमरी कैंपस का पूरा स्टाफ, लीडर मीना शर्मा, मिडिल लीडर राजेश नामदेव, शिक्षक सीताराम ओझा, शिक्षक संजीव चतुर्वेदी, शिक्षक राहुल शाक्य, अतुल श्रीवास्तव अनिकेत भार्गव उपस्थित थे।



### शिक्षक दिवस पर किया शिक्षकों का सम्मान



**दिनारा।** शिवपुरी जिले के करेरा अनुविभाग के मछावली शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मैं छात्र/छात्राओ ने शिक्षक दिवस पर विद्यालय के शिक्षक और शिक्षिकाओ का सम्मान किया, और छात्र/छात्राओ ने अपनी प्रस्तुतियां दी। शिक्षक दिवस क्यों मनाया जाता है इस संबंध में शासकीय हायर सेकेंडरी के छात्र/छात्राओ ने विद्यालय में गजब की प्रस्तुतियां दी। इनकी प्रस्तुतियां देखकर प्राचार्य कालीचरण जाटव सभी छात्र-छात्राओं की बहुत तारीफ की